8th
Dec 2025

vedanta
transforming for good
balco

# BALCO TODAY

SIGHTS, INSIGHTS & HEIGHTS

## BALCO conducts a comprehensive **CPR & Emergency Response Training**






BALCO hosted a comprehensive CPR and Emergency Response training for its new joiners, with over 55 participants attending across two batches. The training, conducted by Dr. Yogesh Kumar from BALCO Hospital, equipped participants with essential first-responder skills to act swiftly and confidently during emergencies. The hands-on practice with CPR dummies further enabled them to understand life-saving techniques, reinforcing BALCO's commitment to fostering a safer, more prepared workforce.







Do not apply oil ,
grease,butter,ice,toothpaste on burn.
Do not remove burned Sticked
drink.







# श्रमवीर समर्पण और सफलता की कहानी

भाग - 2

## शैलेष कुमार भोयर



बालको का हर कर्मचारी सिर्फ एक प्रोफेशनल ही नहीं, बल्कि जुनून अनुशासन और प्रेरणा का प्रतीक है। कंपनी के एसआरएस (एचआरएम) विभाग में 17 वर्षों से कार्यरत, शैलेष कुमार भोयर की कहानी उन्हीं कर्मचारियों में से एक हैं।





वर्ष 2008 में बीएसी की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने बालको जॉइन किया। नॉन-टेक्निकल बैकग्राउंड से आने के बावजूद विभाग के वरिष्ठ कर्मचारियों के सहयोगात्मक रवैये के कारण तकनीकी चीजों को सीखने का अवसर प्राप्त हुआ, जिसने उनके करियर को एक नई दिशा दी।

### कंपनी के माध्यम से आत्मविश्वास का विकास

बालको में जुड़ने से पहले उन्हें मशीनों और बिजली से डर लगता था, लेकिन बालको द्वारा प्रदान मशीन टू मशीन ट्रेनिंग और सतत सीखने की प्रक्रिया ने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया। शैलेश पहले काफी संकोची स्वभाव के थे लेकिन कंपनी में काम करते हुए टीमवर्क, वरिष्ठ सहयोगी कर्मचारियों के मार्गदर्शन से उन्हें व्यक्तित्व विकास का मौका मिला। समय के साथ वही क्षेत्र उनके जुनून और जीवन का अहम हिस्सा बन गया। कार्यस्थल पर मेहनत और समर्पण के लिए उन्हें उत्कृष्ट उत्पादन के साथ विभिन्न पुरस्कार प्रदान किया गया। एग्जीक्यूटिव एमबीए पॉलिसी के तहत एमबीए की पढ़ाई पूरी कर अपने ज्ञान और कौशल को और मजबूत किया।

### सुरक्षा व्यवस्था सुगम हुई

2008 के बाद से सुरक्षा में दिनों-दिन उत्तरोत्तर विकास हुआ है। सुरक्षा संकल्प, सुरक्षा चौपाल ने कार्यस्थल की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। संयंत्र के साथ-साथ बालको टाउनशिप की सुरक्षा व्यवस्था पहले से और अधिक सुगम एवं मजबूत हुई है। शैलेश बताते हैं कि 24 घंटे की सुरक्षा पेट्रोलिंग, घर पर अनुपस्थिति के दौरान सुरक्षा टीम की नियमित चेकिंग, परिवारों को सुरक्षित एवं निश्चिंत वातावरण प्रदान करती हैं। कंपनी की सुरक्षा नीतियाँ लगातार उन्नत होती रही हैं। उनका मानना है कि सुरक्षा नियम केवल कार्यस्थल तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा बन जाना चाहिए।

### डिजिटलीकरण को मिला बढ़ावा

बालको में डिजिटलीकरण ने कार्य संस्कृति को पूरी तरह बदल दिया है। पहले अधिकांश प्रक्रियाएँ कागज़ आधारित थीं, जिनमें अधिक समय लगता था। अब डार्विन बॉक्स और विभिन्न डिजिटल कियोस्क ने डेटा प्रबंधन, विभिन्न सेवाओं को सरल, पारदर्शी और तेज बनाकर कर्मचारियों की दक्षता और सुविधा को बढ़ाया है।

### कंपनी के साथ कर्मचारियों का विकास

एक लाख टन उत्पादन से शुरूआत तक बालको वन मिलियन टन के क्लब में शामिल होने जा रहा है। संयंत्र परिसर के साथ ही कंपनी ने टाउनशिप एवं सामुदायिक विकास में महत्वपूर्ण कार्य किया। टाउनशिप में विभिन्न स्कूल, अस्पताल, स्टेडियम, साफ-सुथरी एवं चौड़ी सड़कें साथ ही सुविकसित पार्क और गार्डन ये सभी सुविधाएँ बालको में जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है।

बालको के सामुदायिक विकास परियोजना 'प्रोजेक्ट कनेक्ट' से जुड़ कर उन्होंने बच्चों को पढ़ाने का कार्य किया, जिससे उन्हें समाज के लिए योगदान देने का मौका मिला। अब वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहें बच्चों को पढ़ाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

**आपकी यात्रा यह साबित करती है कि निरंतर सीखने की इच्छा, साहस और सकारात्मक सोच किसी भी व्यक्ति के जीवन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा सकती है।**

# Ensure Electrical Panels are Locked
# सुनिश्चित करें कि विद्युत् पैनल लॉक हैं

**Electrical panels are dangerous as impose risk of arc flash/fire/unwanted contact with metals/body parts.**



विद्युत पैनल खतरनाक हैं क्योंकि इनसे आर्क फ्लैश आग, और धातुओं शारीरिक अंगो के अवांछित संपर्क का खतरा रहता है।

**Ensure the panel door is closed after the work.**




सुनिश्चित करें कि कार्य के बाद पैनल का दरवाजा बंद कर दिया गया है।

# आपातकालीन स्थिति में सभी कर्मचारियों को रहना चाहिए जागरूक और सतर्क

## भागीदारी ● बालको में किया गया जिला स्तरीय माक ड्रिल का आयोजन

नईदुनिया न्यूज, कोरबा : वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने डिप्टी डायरेक्टर, इंडस्ट्रियल हेल्थ एंड सेफ्टी, कोरबा विजय सिंह पोटाई के निर्देश में जिला स्तरीय माक ड्रिल का सफल आयोजन किया। यह माक ड्रिल आपातकालीन सहयोगी संस्थान की सहभागिता से आयोजित की गई, जिसमें सात उद्योगों के 27 प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

इस मौके पर डिप्टी डायरेक्टर आइएचएंडएस पोटाई ने बालको द्वारा संयंत्र में सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आपातकालीन स्थिति में सभी कर्मचारियों को जागरूक और सतर्क रहना चाहिए। विशेष रूप से उन्होंने कंपनी की ट्रैफिक मैनेजमेंट, वाहनों में डैश कैमरा, शाप फ्लोर पर डिजिटल जेब्रा क्रासिंग, मजबूत सुरक्षा प्रक्रियाएं, माक ड्रिल के दौरान प्रभावी हैंड साइन एज, उचित संचार प्रोटोकाल एवं उत्कृष्ट टीम मैनेजमेंट की प्रशंसा की।



उपस्थित सभी संस्थान के सदस्य।



आपातकालन में माकड्रिल करते हुए रेस्क्यू टीम के सदस्य● नईदुनिया

माक ड्रिल में कोरबा के विभिन्न औद्योगिक संस्थान, पावर लिमिटेड (पूर्व में लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड), एचटीपीएस कोरबा वेस्ट, माइंस रेस्क्यू स्टेशन एवं फायर सर्विसेस एसईसीएल कुसमुंडा एरिया, एनटीपीसी कोरबा, डीएसपीएम टीपीएस कोरबा ईस्ट, आईओसीएल कोरबा टर्मिनल एवं आईओसीएल कुसमुंडा शामिल रहे। बालको के सीओओ (पावर) मंतोष सिन्हा ने डिप्टी डायरेक्टर का स्वागत किया। माक ड्रिल से पूर्व घटना और आपातकालीन योजना पर विस्तार से चर्चा हुई। बालको के प्रमुख एचएसईएंडएस बी शिवकुमार द्वारा प्लांट सेफ्टी, रोड सेफ्टी, फायर जागरूकता एवं माक ड्रिल क्षेत्र से संबंधित संक्षिप्त प्रस्तुति दी। 1200 मेगावाट पावर प्लांट में अग्निकांड की आपात स्थिति पर माक ड्रिल की गई, जिसमें एक संभावित औद्योगिक दुर्घटना का अनुकरण किया गया। इसके माध्यम से सभी सहभागियों ने आपातकालीन प्रतिक्रिया की वास्तविक प्रक्रिया का अनुभव किया। जिसमें प्रतीकात्मक रूप से घायल एक व्यक्ति को बचाव राहत प्रदान की गई।

मौके पर सिक्योरिटी, फायर ब्रिगेड, सेफ्टी, एंबुलेंस एवं व्यावसायिक स्वास्थ्य, रेस्क्यू टीम और ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस टीम पूरी तरह मुस्तैद रही। साथ ही फायर ब्रिगेड एवं आपात संसाधनों में दो फोम टाइप फायर टेंडर, फायर हाइड्रेंट सिस्टम, वॉटर स्प्रिंकलर (डेल्यूज सिस्टम), दो रेस्क्यू टीमें, दो एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस एवं फैक्ट्री मेडिकल अधिकारी तैनात किए गए। सुरक्षा टीम द्वारा क्षेत्र को पूरी तरह घेराबंद किया गया। आल क्लियर' सिग्नल के पश्चात सभी आपात टीमों द्वारा घटना, अपनी भूमिका एवं हेडकाउंट वेरिफिकेशन पर विस्तृत डी-ब्रीफिंग की गई। यह प्रक्रिया डिप्टी डायरेक्टर तथा बालको के मंतोष सिन्हा (वर्क इंसिडेंट कंट्रोलर), बी शिवकुमार (चीफ एचएसई एंड एस) श्री भारतेन्दु पांडे (सीएसओ) एवं बिजनेस पार्टनर लीडर्स की उपस्थिति में संपन्न हुई।

### आपातकालीन सहयोगी संस्थान के प्रतिनिधियों को किया सम्मानित

माक ड्रिल के उपरांत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सभी आपातकालीन सहयोगी संस्थान के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह एवं पौधे भेंट किए गए। यह माक ड्रिल बालको की सुरक्षा के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। नियमित अभ्यास, आधुनिक उपकरण और बेहतर समन्वय के माध्यम से बालको हर आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहता है।

नईदुनिया

# KHABRE KHAS

**8th Dec 2025**

**आयोजन** **सात उद्योगों के 27 प्रतिनिधियों ने की भागीदारी**

## बालको ने जिला स्तरीय मॉक ड्रिल का किया आयोजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कोरबा@पत्रिका.** बालको ने जिला स्तरीय मॉक ड्रिल का आयोजन किया। यह मॉक ड्रिल आपातकालीन सहयोगी संस्थान की सहभागिता से आयोजित की गई, इसमें 7 उद्योगों के 27 प्रतिनिधियों ने भागीदारी निभाई। मॉक ड्रिल में कोरबा के विभिन्न औद्योगिक संस्थान, पावर लिमिटेड, एचटीपीएस कोरबा वेस्ट, माइंस रेस्क्यू स्टेशन एवं फायर सर्विसेस एसईसीएल कुसमुंडा एरिया, एनटीपीसी कोरबा, डीएसपीएम टीपीएस कोरबा ईस्ट, आईओसीएल कोरबा टर्मिनल एवं आईओसीएल कुसमुंडा शामिल थे।



बालको के सीओओ (पावर) मंतोष सिन्हा ने डिप्टी डायरेक्टर का स्वागत किया। मॉक ड्रिल से पूर्व घटना और आपातकालीन योजना पर विस्तार से चर्चा हुई। बालको के प्रमुख एचएसई एंड एस बी. शिवकुमार द्वारा प्लांट सेफ्टी, रोड सेफ्टी, फायर जागरूकता एवं मॉक ड्रिल क्षेत्र से संबंधित संक्षिप्त प्रस्तुति दी गई। 1200 मेगावाट पॉवर प्लांट में अग्निकांड की आपात स्थिति पर मॉक ड्रिल की गई, इसमें एक संभावित औद्योगिक दुर्घटना का अनुकरण किया गया। इसके माध्यम से सभी सहभागियों ने आपातकालीन प्रतिक्रिया की वास्तविक प्रक्रिया का अनुभव किया। इसमें प्रतीकात्मक रूप से घायल एक व्यक्ति को बचाव राहत प्रदान की गई।

मौके पर सिक्योरिटी, फायर ब्रिगेड, सेफ्टी, एंबुलेंस एवं व्यावसायिक स्वास्थ्य, रेस्क्यू टीम और ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस टीम पूरी तरह मुस्तैद रही। साथ ही फायर ब्रिगेड एवं आपात संसाधनों में 2 फोम टाइप फायर टेंडर, फायर हाइड्रेंट सिस्टम, वॉटर स्प्रिंकलर (डेल्यूज सिस्टम), 2 रेस्क्यू टीमें, 2 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस एवं फैक्ट्री मेडिकल अधिकारी तैनात किए गए। सुरक्षा टीम द्वारा क्षेत्र को पूरी तरह घेराबंद किया गया।

'ऑल क्लियर' सिग्नल के पश्चात सभी आपात टीमों द्वारा घटना, अपनी भूमिका एवं हेडकाउंट वेरिफिकेशन पर विस्तृत डी-ब्रीफिंग की गई। यह प्रक्रिया डिप्टी डायरेक्टर तथा बालको के मंतोष सिन्हा (वर्क्स इंसिडेंट कंट्रोलर), बी. शिवकुमार (चीफ एचएसई एंड एस) भारतेन्दु पांडे (सीएसओ) एवं बिजनेस पार्टनर लीडर्स की उपस्थिति में संपन्न हुई।

डिप्टी डायरेक्टर आई एच एंड एस विजय सिंह पोटाई ने बालको द्वारा संयंत्र में सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की स्थिति में सभी कर्मचारियों को जागरूक और सतर्क रहना चाहिए। विशेष रूप से उन्होंने कंपनी की ट्रैफिक मैनेजमेंट, वाहनों में डैश कैमरा, शॉप फ्लोर पर डिजिटल जेब्रा क्रॉसिंग, मजबूत सुरक्षा प्रक्रियाएँ, मॉक ड्रिल के दौरान प्रभावी हैंड साइन एज, उचित संचार प्रोटोकॉल एवं उत्कृष्ट टीम मैनेजमेंट की प्रशंसा की।

**सात उद्योग के 27 प्रतिनिधियों की भागीदारी**

## बालको में जिला स्तरीय मॉकड्रिल का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने डिप्टी डायरेक्टर, इंडस्ट्रियल हेल्थ एंड सेफ्टी, कोरबा विजय सिंह पोटाई के दिशा-निर्देश में जिला स्तरीय मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया। यह मॉक ड्रिल आपातकालीन सहयोगी संस्थान की सहभागिता से आयोजित की गई, जिसमें 7 उद्योगों के 27 प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बालको के सीओओ (पावर) मंतोष सिन्हा ने डिप्टी डायरेक्टर का स्वागत किया। मॉक ड्रिल से पूर्व घटना और आपातकालीन योजना पर विस्तार से चर्चा हुई। बालको के प्रमुख एचएसई एडं एस, बी शिवकुमार द्वारा प्लांट सेफ्टी, रोड सेफ्टी, फायर जागरूकता एवं मॉक ड्रिल क्षेत्र से संबंधित संक्षिप्त प्रस्तुति दी गई।



मॉकड्रिल करते कर्मी।

1200 मेगावाट पॉवर प्लांट में अग्निकांड की आपात स्थिति पर मॉक ड्रिल की गई, जिसमें एक संभावित औद्योगिक दुर्घटना का अनुकरण किया गया। इसके माध्यम से सभी सहभागियों ने आपातकालीन प्रतिक्रिया की वास्तविक प्रक्रिया का अनुभव किया। जिसमें प्रतीकात्मक रूप से घायल एक व्यक्ति को बचाव राहत प्रदान की गई। मौके पर सिक्योरिटी, फायर ब्रिगेड, सेफ्टी, एंबुलेंस एवं व्यावसायिक स्वास्थ्य, रेस्क्यू टीम और ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस टीम पूरी तरह मुस्तैद रही। साथ ही फायर ब्रिगेड एवं आपात संसाधनों में 2 फोम टाइप फायर टेंडर, फायर हाइड्रेंट सिस्टम, वॉटर स्प्रिंकलर (डेल्यूज सिस्टम), 2 रेस्क्यू टीमें, 2 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस एवं फैक्ट्री मेडिकल अधिकारी तैनात किए गए। सुरक्षा टीम द्वारा क्षेत्र को पूरी तरह घेराबंद किया गया। डिप्टी डायरेक्टर आई एच एंड एस विजय सिंह पोटाई ने बालको द्वारा संयंत्र में सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की स्थिति में सभी कर्मचारियों को जागरूक और सतर्क रहना चाहिए। विशेष रूप से उन्होंने कंपनी की ट्रैफिक मैनेजमेंट, वाहनों में डैश कैमरा, शॉप फ्लोर पर डिजिटल जेब्रा क्रॉसिंग, मजबूत सुरक्षा प्रक्रियाएँ, मॉक ड्रिल के दौरान प्रभावी हैंड साइन एज, उचित संचार प्रोटोकॉल एवं उत्कृष्ट टीम मैनेजमेंट की प्रशंसा की। मॉक ड्रिल के उपरांत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक रहा। ऑल क्लियर सिग्नल के पश्चात सभी आपात टीमों द्वारा घटना, अपनी भूमिका एवं हेडकाउंट वेरिफिकेशन पर विस्तृत डी-ब्रीफिंग की गई।

पत्रिका | हरिभूमि



BALCO TODAY
SIGHTS, INSIGHTS & HEIGHTS

# MEDIA CORNER

**Bharat Aluminium Company Limited**

Fostering a culture of innovation and collaboration, #BALCO hosted Sahbhagita with vibrant participation from 540+ employees and business partners. The event recognised 130+ Best Ideas and 440+ Success Stories, as all participants reaffirmed commitment to #excellence through the Sahbhagita Shapath.

Vedanta Limited - Aluminium Business

#Vedanta #TransformingTheWorkplace #TransformingForGood




Click here to check the post

Like    Comment    Share


# MEDIA CORNER

Bharat Aluminium Company Limited

Supporting better nutrition through practical learning, #BALCO strengthens mothers' capacity to prepare low-cost, nutritious meals through Positive Deviance (PD) Hearth cycles under the Nand Ghar and Arogya programs. The initiative enables children to become healthier while improving awareness across households and Anganwadi centres.

Vedanta Limited - Aluminium Business

#Vedanta #TransformingCommunities #TransformingForGood




Click here to check the post

Like Comment Share

# Team BALCO Today

Conveys Heartiest Greetings To

## Monday, 8th Dec 2025

| | |
|---|---|
| Manoj Kumar Maravi | Pot Room |
| Mukesh Chandra | Pot Room |
| Rakesh Patel | Pot Room |
| Aashima Jain | Power-2 |
| Ayush Kumar Singh | HSE |
| Mahir Arora | Finance |

## Tuesday, 9th Dec 2025

| | |
|---|---|
| Amit Kumar Sharma | Pot Room |
| Navdeep Kumar Soni | Planning |
| Mithlesh Kumar | Waste to Wealth |

HAPPY

Birthday

TO YOU!

# Idea Theme for Dec'25 - Innovation




Share your ideas through Idea@Balco mobile app
**https://ideaapp.balco.in:3835/**
Use tag # Inv# before mentioning the ideas

## INNOVATION PROCESS STEPS









**INNOVATION IS THE ONLY WAY TO WIN**





got an idea → Login in !dea@Balco →

## R & R CATEGORY

1. Best Idea of the month
2. Max. Idea Generator
3. Quick 5 Ideas

# BALCO CENTRALIZED

## Security Operation Center



**INCIDENT**
Theft, Threat, Vandalism, Fraud
Malpractice, Wild Animal Attack

**ISSUES**
Traffic Jam, Card Not Working
Lack of Support at Entry Gates

**VIOLATIONS**
Unsafe Act, Unsafe Conditions
Traffic

**SUSPICIOUS MOVEMENT**
Person Behaving/Acting in
Suspicious Manner

**YOUR ABSENCE AT HOME**
Away on Holidays for Few
Days

We Are Manned 24x7 & Available At:

**9179083488, 7759252655**

BALCO.SOC@Vedanta.co.in

Sec_rity is incomplete Without "U"

# DO SHARE YOUR

interesting pieces with us like

- Poem
- Sketch
- Drawing
- Art content
- Own Articles
- Photograph with good captions
- Success / Inspirational stories
- Travel Story
- Balco Plant Events
- Achievements etc.

We will try to capture them in

# BALCO TODAY

## YOU CAN REACH OUT TO US -

Shivani Pachori
8830960726

Jhalak Shastri
747 701 3030

GET IN TOUCH



BALCO TODAY
SIGHTS, INSIGHTS & HEIGHTS